दिनांक: 05.10.2024
राजस्थान पत्रिका , पृष्ठ नं: 03

नवरात्र में आज से रात दो बजे तक चलेगी मेट्रो ट्रेन

अहमदाबाद @ पत्रिका. नवरात्र के चलते शनिवार से फेज एक के पूर्व-पश्चिम व उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर में रात दस बजे से दो बजे तक भी मेट्रो ट्रेन सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा आगामी 11 अक्टूबर तक दी जाएगी। आमदिनों में मेट्रो ट्रेन सुबह 6.20 बजे से रात 10 बजे तक चलती है, लेकिन नवरात्र के दिनों में रात 10 बजे के बाद हर 20 मिनट में प्रत्येक स्टेशन से मेट्रो ट्रेन में सवारी की जा सकेगी। रात दो बजे तक की यह सुविधा फेज एक में ही उपलब्ध की गई है। हरेक टर्मिनल स्टेशन थलतेज, वस्त्राल गाम, मोटेरा स्टेडियम तथा एपीएमसी स्टेशन से अंतिम मेट्रो ट्रेन रात दो बजे रवाना होगी।